RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 30 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 188 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## अयोग्य घोषित हुए तो भी मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे एकनाथ शिंदे?

## बीजेपी ने बनाया है यह प्लान



**मुंबई :** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और अगर ऐसा हुआ भी तो उन्हें विधानपरिषद के सदस्य के तौर पर निर्वाचित किया जाएगा और वह पद पर बने रहेंगे. सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को शिवसेना के दोनों गुटों की ओर से दायर याचिकाओं पर फैसला करने के लिए एक वास्तविक समय-सीमा बताने का अंतिम अवसर दिया था. पार्टी में टूट के बाद, ये याचिकाएं एक-दूसरे के गुट के विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे नीत गुटों की ओर से दायर की गई थीं।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शरद पवार गुट द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई होनी है. इन याचिकाओं में कुछ विधायकों के खिलाफ दाखिल अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द निर्णय लेने के लिए नार्वेकर को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है. फडणवीस ने मीडिया से बातचीत में शनिवार को कहा, ''पहली बात तो यह है कि शिंदे अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और अगर उन्हें अयोग्य ठहरा भी दिया गया तो हम उन्हें विधानपरिषद के सदस्य के तौर पर निर्वाचित करेंगे और वह मुख्यमंत्री के पद पर बने रहेंगे. अगला चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में होगा.''

# अजित पवार और एकनाथ शिंदे के बीच सब कुछ ठीक ठाक नहीं!

# संकट में महायुति सरकार?

**मुंबई :** महायुति में आपसी सामंजस्य का गणित फिर बिगड़ने खबर जोर पकड़ रही है। राज्य में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जहां कोल्हापुर के कनेरी मठ में नजर आए, तो वहीं उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बना ली है। चर्चा है कि अजित पवार फिर से कोपभवन में चले गए हैं और महायुति



सरकार में ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। हालांकि एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने इन तर्क-वितर्कों को खारिज किया है। मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कई दिनों से सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विधायकों की अयोग्यता के मसले को लेकर हाल में शिंदे और फडणवीस ने दिल्ली का दौरा किया था। इस बारे में अजित पवार से पूछे जाने पर उन्होंने दो टूक में जवाब दिया था कि उन्हें सीएम और डीसीएम के दिल्ली दौरे की जानकारी नहीं है।

### मराठा आरक्षण पर बैठक

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कोल्हापुर का दौरा किया। वे गोकुल शिरगांव के कनेरी मठ में विभिन्न कार्यक्रमों का उद्घाटन करने आए थे। बताया जाता है कि मराठा आरक्षण आंदोलन के चलते नेताओं के गांव में आने पर रोक लगने के बाद शिंदे रात में अचानक दौरे पर गए थे। दौरे को गोपनीय रखा गया था। मीडिया को भी शूटिंग करने की इजाजत नहीं थी। मराठा आरक्षण का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को मराठा आरक्षण संबंधी मंत्रिमंडल की उपसमिति की बैठक मंत्रालय में उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील के कार्यालय में बुलाई गई है।

### शिवसेना विधायकों की अयोग्ता को लेकर हलचलें तेज

**शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायकों की अयोग्यता के मामले को लेकर हलचलें तेज हो गई हैं। विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर रविवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ एक बैठक सहित कुछ अन्य बैठकों में वे शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट में विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार 30 अक्टूबर को होनी है।**


## बेटी ने लगाया रेप का आरोप... तो पिता ने दे दी जान!



**मुंबई :** ठाणे में 11 साल की बेटी ने अपने ही पिता पर रेप करने की शिकायत दर्ज कराई तो आरोपी ने कुछ घंटों के बाद ट्रेन से कट कर जान दे दी. इधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है. आरोपी पिता ऑटो रिक्शा चलाता था और उसकी पत्नी दुबई में काम करती थी. कुछ दिन पहले ही पत्नी दुबई से लौटी तो बेटी ने उसे सारा घटनाक्रम सुनाया. शिकायत में कहा गया कि पत्नी दो साल से दुबई थी और आरोपी पिता बदलापुर में बेटी के साथ रह रहा था. उसने जुलाई 2022 से अक्टूबर के बीच कई बार अपनी ही बेटी से रेप किया था. सीनियर इंस्पेक्टर अरुण खिसिरसागर ने कहा कि बीते दो सालों से मां के बाहर होने के कारण 11 साल की बेटी पिता के साथ ही थी और उसने अपनी दादी को पिता की करतूत बता दी थी.

## नालासोपारा/ महिला पुलिस अधिकारी पर कार चढ़ाने की कोशिश...

## खेल खत्म करना चाहता था आरोपी



**नालासोपारा :** गिरफ्तारी से बचकर भागने के लिए आरोपी द्वारा महिला पुलिस उपनिरीक्षक और उसके साथी कर्मचारी के ऊपर चार पहिया वाहन चलाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यह घटना नायगांव के डॉन बॉस्को स्कूल के समीप शनिवार की सुबह की है। नायगांव पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी अजित के खिलाफ अचोले में दो और तुलिंज में तीन मामले सहित धोखाधड़ी, गबन और जाली दस्तावेजों के कुल पांच मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। धोखाधड़ी के मामले को लेकर आरोपी अजित दयाशंकर मिश्रा के खिलाफ फर्जी दस्तावेज मामले में अचोले पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। जांच अधिकारी पुलिस उपनिरीक्षक रेखा पाटिल शनिवार की सुबह आरोपी के नायगांव स्थित डॉन बास्को स्कूल के समीप अजंठा बिल्डींग के पास जांच करने के लिए अपने एक पुलिस कर्मचारी के साथ गई थी। उसी दौरान आरोपी अजित ने खुद की गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस को देखकर कहा, मैडम आप तो मेरे ही पीछे पड़े हो, आज तो आपका खेल ही खतम कर देता हूं।

ऐसा जोर-जोर से कहते हुए इनोवा कार चालक अजय अंकुश गायकर से कहा जल्दी गाड़ी भगाओ और जो कोई भी गाडी के सामने आये उसके ऊपर चढ़ा देना। रेखा पाटिल और कर्मचारी अमोल आव्हाड दोनों को जान से मारने के इरादे से आरोपी ने चालक को कार ऊपर चढ़ाने को कहा और कार रेस कर उनके ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया। तभी तेजी दिखाते हुए दोनों पुलिसकर्मी एक तरफ हट गए जिसके चलते वह बाल-बाल बच गए। लेकिन एक कर्मचारी आव्हाड कार की चपेट में आ गया। जिसके चलते वह जख्मी हो गया। तभी आरोपी कार लेकर भागने लगा, उसी दौरान उसकी कार गेट में फंस कर बंद हो गई।

## राज्यपाल से मिले शरद पवार गुट के एनसीपी के नेता



**मुंबई :** शरद पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वह राज्य सरकार को मराठा समुदाय के आरक्षण आंदोलन में हस्तक्षेप करने का निर्देश दें. प्रतिनिधिमंडल में एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, एनसीपी के प्रदेश प्रमुख जयंत पाटिल और पार्टी नेता जितेंद्र आव्हाड शामिल थे. जयंत पाटिल ने कहा कि महाविकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के नेता सोमवार को फिर राज्यपाल से मुलाकात करेंगे. पाटिल ने सोशल मीडिया मंच'एक्स' पर कहा, ''हम मांग करते हैं कि मराठा समुदाय को जल्द से जल्द आरक्षण दिया जाए. राज्यपाल को इस संबंध में राज्य और केंद्र सरकार से बात करनी चाहिए. हमने राज्यपाल से मौजूदा स्थिति के बारे में केंद्र के साथ संवाद करने का आग्रह किया. कई समितियां गठित की गई हैं लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है.'' मराठा समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहा है.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सजा से उपजे सवाल

कतर में पिछले साल से हिरासत में बंद आठ भारतीय पूर्व नौसेनाकर्मियों को सुनाई गई मौत की सजा ने स्वाभाविक ही पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इनकी गिरफ्तारी की खबर ने भी सबको चौंकाया था, लेकिन भारत सरकार ने न केवल इसे संज्ञान में ले लिया था बल्कि आवश्यक कार्रवाई भी शुरू कर दी थी। उसके बाद इन लोगों की परिवार वालों से फोन पर बात करवाई गई और इन्हें काउंसलर मदद भी मुहैया कराई गई। लेकिन जिस तरह से अचानक वहां की एक अदालत ने इन्हें मौत की सजा सुना दी, उससे स्पष्ट है कि यह मामला भारत सरकार के लिए एक बड़ी कूटनीतिक चुनौती साबित होने वाला है। अभी तक इन आठों भारतीयों की गिरफ्तारी की वजह भी नहीं बताई गई है। स्थानीय मीडिया में जो खबरें चल रही हैं उनसे लगता है कि इन पर कतर के एक महत्वपूर्ण पनडुब्बी प्रॉजेक्ट से जुड़ी सूचनाएं लीक करने का संदेह है। ये सूचनाएं इस्राइल को भिजवाने की बात कही जा रही है। चूंकि न तो आरोप आधिकारिक तौर पर बताए गए हैं और न ही उपलब्ध सबूतों के बारे में कोई जानकारी मिल पाई है, इसलिए स्वाभाविक ही इस सजा को लेकर भारत में सवाल उठ रहे हैं। ध्यान देने की बात यह भी है कि भले वे सब व्यक्तिगत हैसियत से काम कर रहे हों, लेकिन नौसेना में इनके कामकाज का बहुत अच्छा रेकॉर्ड रहा है। हालांकि यह बात भी सही है कि इन्हें वहां की एक अदालत ने सजा सुनाई है और कोई भी देश आम तौर पर बाहरी कारणों से अपने जुडिशल सिस्टम में हस्तक्षेप होता नहीं देखना चाहता। लेकिन जिस वजह से यह मामला खास तौर पर संवेदनशील हो गया है, वह है इसकी टाइमिंग। कतर की अदालत का यह फैसला ऐसे समय आया है जब पूरा मध्यपूर्व एक बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। कतर में न केवल अमेरिकी और तुर्की सैनिक अड्डे हैं बल्कि उसके ईरान से भी करीबी रिश्ते हैं। यह हमास, मुस्लिम ब्रदरहुड और तालिबान से जुड़े कई नेताओं का ठिकाना भी माना जाता है। मुस्लिम दुनिया में जनमत निर्माण का एक असरदार मंच अलजजीरा न्यूज चैनल भी दोहा में ही है। कतर के विशेष प्रभाव के पीछे गैस की बदौलत फलती-फूलती उसकी इकॉनमी है। भारत कतर की गैस के सबसे बड़े आयातकों में शामिल है और वहां करीब 8 लाख भारतीय रहते हैं। पिछले दो दशकों में भारत और कतर के रिश्ते दिनों दिन अच्छे ही होते गए। बीच में थोड़ी खटास तत्कालीन बीजेपी नेता नूपुर शर्मा के एक बयान से उपजे अप्रिय विवाद की वजह से जरूर आई, लेकिन उन्हें पार्टी से निलंबित कर मामले को ज्यादा बिगड़ने से रोक लिया गया। बहरहाल, इस्राइल-हमास जंग के मौजूदा माहौल में भारत के लिए कतर सरकार के साथ मिलकर इस मामले को सफलतापूर्वक निपटाना आसान नहीं होगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# केंद्र वा राज्य सरकार से मुस्लिमो ने शिक्षण आरक्षण सुरक्षा को लेकर 5 प्रतिशत आरक्षण देने की उठाई आवाज

## मौलाना आजाद विचार मंच की ओर से मुंबई जिमखाना मे आयोजित मुस्लिम हक्क परिषद...

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** देश भर मे पांच राज्यों के चुनावो होने वाले है। जिसमें महाराष्ट्र मे मराठा, ओबीसी समाज के बाद अब देशभर की मुस्लिम जनता मुस्लिम आरक्षण को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। गौरतलब हों की आज मौलाना आजाद विचार मंच की ओर से शिक्षण, आरक्षण , सुरक्षा को लेकर मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या मे इखट्टा होकर अपने समाज को भी मुस्लिम आरक्षण मिलने की केंद्र की मोदी सरकार से लेकर राज्य की भाजपा गठबंधन सरकार से मांग किया है । परिणाम स्वरूप पूर्व सांसद, कैबिनेट मंत्री हुसैन दलवाई के नेतृत मे आज बड़ा ही अजिमो शान कार्यक्रम का आयोजन मुंबई के इस्लाम जिमखाना मे देखने को मिला। ! जिसमें प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज को पांच प्रतिशत आरक्षण देने की मांग किया है !




उल्लेखनीय तौर पर ओबीसी समाज के साथ मराठा समाज को भी आरक्षण देने की मांग किया है ! देश के प्रधान मंत्री 15 कलम कार्यक्रमों को शिग्रता से लागू करे ! मुस्लिम समाज के शिक्षण व्यवस्था की उन्नति के लिए प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण तक 100 प्रति शत शिक्षण वृत्ति देने का कार्य करे! जिसमें मुस्लिम सामाज की 11 सुत्री मांगो को राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार सहित केंद्र की मोदी सरकार के समक्ष रखी गई है ! जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप मे। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने शिरकत किया। उपरोक्त कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे विभिन्न क्षेत्र के हस्तियों ने शिरकत किया है ! मौलाना आजाद विचार मंच के बड़ी संख्या मे पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थित दर्ज करवा कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग किया ! उपरोख़्त अवसर पर मुंबई विश्व विद्यालय के उप कुलपति बालचंद्र मुगणेकर, अब्दुल रहमान आईपीएस , हरियाणा से आये सांसद मोहम्मद् आदिब, मुंबई कांग्रेस अधक्ष्य वर्षा गायकवाड, मौलाना आजाद विचार मंच के महासचिव दानिश लंबे, मुंबई स्वयं रोजगार विभाग के उप अधक्ष्य हाजी खलील नवाब खान , समाजसेविका प्रध्यापिका शबाना खान सहित समाज के विभिन्न हिस्सों से आये मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थी।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले का भिवंडी दौरा

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में दौरे पर पधारे भाजप प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इंडिया गठबंधन पर करारा हमला करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दल भ्रष्टाचार से घिरे हुए हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों पर सीबीआई, ईडी के छापे पड़ रहे हैं।जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन व मंत्री उदयनिधी द्वारा हिंदू सनातन धर्म संस्कृती समाप्त किए जाने की भाषा बोली जा रही है, क्या शरद पवार व उद्धव ठाकरे को हिंदू संस्कृती खत्म किए जाने की भाषा मान्य है ? उक्त प्रश्न करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने आगामी लोकसभा चुनाव में भिवंडीकरों द्वारा इंडिया गठबंधन को सबक सिखाने का आह्वान किया। भिवंडी तालुका स्थित काल्हेर गांव में बावनकुले का केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल पाटील ने हजारों भाजपा कार्यकताओं




के साथ जोरदार स्वागत किया छत्रपती शिवाजी महाराज के पुतला पर पुष्पहार अर्पण कर दौरा की शुरूवात की। जिला परिषद पूर्व सदस्य देवेश पाटील के नेतृत्व में काल्हेर से धामणकर नाका तक भव्य बाईक रैली निकाली गई रैली के उपरांत धामणकर नाका से धर्मवीर आनंद दिघे चौक तक भाजपा विधायक महेश चौगुले के सार्थक प्रयासों से एमएमआरडीए द्वारा शुरू किए जा रहे कॉक्रीट मार्ग का भूमिपूजन प्रदेशाध्यक्ष बावनकुळे व केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल पाटील ने किया। उक्त अवसर पर प्रदेश सरचिटणीस एड माधवी नाईक, विधायक महेश चौगुले, लोकसभा समन्वयक जितेंद्र डाकी, भिवंडी पूर्व विधानसभा निवडणूक प्रमुख संतोष शेट्टी, भिवंडी शहराध्यक्ष एड हर्षल पाटील, प्रदेश सचिव सुरेखा थेटले ,पश्चिम विधानसभा निवडणूक प्रमुख श्याम अग्रवाल , पूर्व नगरसेवक सुमित पाटील,प्रसिद्धि प्रमुख पी डी यादव सहित प्रमुख पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे। कपिल पाटिल ने इंडिया गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों की सरकारों को जनता देख समझ चुकी है । देश की जनता ऐसे लोगों के झांसे में कभी नहीं आएगी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर देश का विकास करने में जुटे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के तहत बाजारपेठ तक के व्यापारी व नागरिकों से चंदशेखर बावनकुले ने संवाद किया। बावनकुले ने केंद्र सरकार की योजना के लाभार्थी प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना लाभार्थी आयुष्मान भारत लाभार्थी ऑटोरिक्षा चालक सहित मुस्लिम समाज के लोगों से भी संवाद किया ।

## फूंकी बसें, हाईवे किया जाम... युवक के सुसाइड पर तेज हुई मराठा आरक्षण की आग



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में एक बार फिर मराठा आरक्षण का मामला गर्म हो गया है. शनिवार को आरक्षण की मांग को लेकर निकले एक और युवक ने सुसाइड कर लिया. मराठा आंदोलन में शामिल यह पानी की टंकी पर चढ़ गया, लोगों ने उसे समझाने की खूब कोशिश की. बावजूद इसके, युवक ने टंकी से कूद कर जान दे दी. इस घटना के बाद महाराष्ट्र के बीड़ जिले में लोग आक्रामक हो गए. घटना की खबर मिलते ही धुले सोलापुर हाईवे के महालक्ष्मी चौक पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर प्रदर्शन करने लगे. इस दौरान कहीं टायर जलाकर हाईवे का ट्रैफिक बंद कर दिया गया. इतने में वहां पहुंची एक यात्री बस को भी लोगों ने रोक लिया और सभी सवारियों को नीचे उतार कर बस में आग लगा दी.प्रदर्शनकारी घंटों तक हाईवे बंद कर नारेबाजी करते रहे.




# नाबालिग से छेड़खानी के करोप में गार्ड गिरफ्तार

## मुंबई के मलाड में नाबालिग से छेड़खानी...

## 55 वर्षीय आरोपी गार्ड गिरफ्तार



**मुंबई :** मलाड में एक रिहायशी सोसायटी के एक सुरक्षा गार्ड को मालवणी पुलिस ने शुक्रवार शाम को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जब पता चला कि उसने इमारत में रहने वाली 10 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर छेड़खानी की थी। पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार दोपहर की है जब लड़की अपने बिल्डिंग के सीढ़ियों से नीचे आ रही थी। जब वह अकेली थी, तभी 55 वर्षीय आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। उसने उस नाबालिग को तब जाने दिया जब उसने किसीके आने की पैरों की आवाज सुनी। मालवणी पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की परेशान थी और सामान्य स्थिति में नहीं थी। अपनी मां के पूछने पर उसने घटना दोबारा बताई। माता-पिता उसे तुरंत पुलिस स्टेशन ले आए। शिकायत दर्ज करने से पहले कुछ महिला अधिकारियों ने उससे बात भी की। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज होने के समय गार्ड अपनी शिफ्ट खत्म करके घर चला गया था, इसलिए अगले दिन जब वह काम पर आया तो पुलिस ने उसे इमारत से उठा लिया। आरोपी पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया गया था।

# दोपहर में घरों मेम चोरी करनेवाला पकड़ाया

## बिना सीसीटीवी वाले इलाकों को करता था टारगेट... पहले हुआ था सीसीटीवी से गिरफ्तार

**मुंबई :** एमआईडीसी पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है जो सीसीटीवी से निगरानी न रखने वाले घरों को निशाना बनाता था और दोपहर में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। जुलाई 2022 में एक सीसीटीवी फुटेज के जरिए पकड़े जाने के बाद उसने ऐसा करना शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी दीपक उर्फ निखिल वैश्य (38) की कार्यप्रणाली बिना सीसीटीवी कैमरे वाले चली या अन्य इमारतों में घरों को निशाना बनाना था। उसने विशेष रूप से दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे के बीच चोरी की, क्योंकि उसे लगा कि लोग चोरों से दोपहर के समय में काम करने की उम्मीद नहीं करते हैं। एमआईडीसी पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लोग आम तौर पर दिन के उजाले में घर तोड़ने और चोरी करने



के इरादे से घूमते लोगों को नहीं देखते हैं। इसलिए वह बड़े ही आत्मविश्वास से उन इलाकों में घूमता था जहां उसे चोरी करनी होती थी और चोरी करने के बाद आराम से चलकर लोगों की नजर से छिपकर चला जाया करता था।

**बच्चे ने देखा आरोपी**

पुलिस के पास दर्ज चोरी की आखिरी घटना 13 अक्टूबर को हुई थी जब अंधेरी ईस्ट की एक इमारत में दोपहर करीब 1.15 बजे ताला खुला पाकर आरोपी 2.4 लाख रुपये के सोने के गहने लेकर फरार हो गए। इमारत के नीचे खेल रहे कुछ बच्चों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने एक व्यक्ति को इमारत से बाहर निकलते और ऊपर जाने से पहले एक घंटे तक उसके चारों ओर घूमते देखा।

**छांटे गए हुलिए के मुताबिक फोटो**

एक अधिकारी ने बताया कि एक ग्यारह वर्षीय लड़की ने उन्हें बताया कि यह व्यक्ति कैसा दिखता था। इसके बाद उस इमारतों के संपर्क मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज एकत्र किए जहां पिछले कुछ महीनों में इसी तरह की चोरी हुई थी। बताये गए हुलिए से मिलती हुई लोगों की तस्वीरें निकालीं। उन्होंने कहा कि जब लड़की ने आरोपी की पहचान की, तो उन्हें एहसास हुआ कि उसे पहले भी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

शिवाजी नगर का रहने वाला वैश्य पहले चेंबूर, देवनार और आसपास के इलाकों में घरों से चोरी करता था। पुलिस को उसके खिलाफ 2011 से 2019 के बीच अन्य पुलिस स्टेशनों में कम से कम सत्रह चोरी के मामले दर्ज मिले। अधिकारी के मुताबिक पिछले साल पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद, वह आवारा बन गया था। शिवाजी नगर में स्थानीय खुफिया जानकारी ने हमें उसे ट्रैक करने में मदद की। जब उन्हें पता चला कि वह अंधेरी स्टेशन से ट्रेन पकड़ रहा था, तकभी पुलिस की टीम स्टेशन पर पहुंची कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बाय-बाय 'काली पीली' टैक्सी

## इस आइकॉनिक गाड़ी का मुंबई की सड़कों पर आज आखिरी दिन...

**मुंबई :** मुंबई का नाम सुनते ही लोगों के मन में मुंबई की एक तस्वीर बन जाती है, जिसमें बड़ा पाव, मरीन ड्राइव और काली पीली टैक्सी का प्रतिबिंब बनना आम बात है। हालांकि अफसोस कल से काली-पीली टैक्सी मुंबई की सड़कों पर नहीं दिखाई देंगी। परिवहन विभाग ने 30 अक्टूबर से काली-पीली टैक्सी (प्रीमियर पद्मिनी) को सड़कों पर चलने पर रोक लगा दिया है। जानकारी के लिए बता दें, फिलहाल मुंबई में एक आखिरी काली-पीली टैक्सी बची है।

**परिवहन विभाग का बयान**

परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पिछली प्रीमियर पद्मिनी को तारदेओ आरटीओ में एक काली-पीली टैक्सी के रूप में



पंजीकृत किया गया था, जिसका अधिकार क्षेत्र मुंबई शहर पर है। चूंकि शहर में कैब की आयु सीमा 20 वर्ष है, इसलिए मुंबई में आधिकारिक तौर पर सोमवार से प्रीमियर पद्मिनी टैक्सी नहीं चलेंगी।

प्रीमियर पद्मिनी टैक्सी मुंबई की शान है। इस गाड़ी को सबसे आखिरी में अब्दुल करीम कारसेकर नाम के व्यक्ति ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। अब्दुल का कहना है कि ये केवल टैक्सी नहीं है, ये मुंबई की शान है और हमारी जान है। यह बदलाव सार्वजनिक ट्रांसपोर्टर बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (इएरळ) द्वारा डबल डेकर डीजल बस को बंद करने के बाद आया, जिनका जीवन मुंबई की सड़कों पर केवल 15 साल तक का था।

**संग्रहालय में संरक्षित करने की हो रही मांग**

मुंबई घूमने जाने वाले लोग या फिर मुंबई की जनता डबल डेकर बस और काली-पीली टैक्सी को धरोहर की तरह देखती है, जिनको कल से मुंबई की सड़कों पर लोग खूब मिस करेंगे। ये वो गाड़ियां है, जिनसे बहुत से लोगों की यादें जुड़ी हैं। कुछ लोगों ने मांग की है कि कम से कम एक 'प्रीमियर पद्मिनी' को सड़क पर या संग्रहालय में संरक्षित किया जाए।

# महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार को डेंगू...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार डेंगू से पीड़ित हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अजित को चिकित्सीय निगरानी में रहने और अगले कुछ दिनों तक आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा, ''अजित पवार के सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल न होने पर मीडिया की अटकलों पर मैं बताना चाहूंगा कि उन्हें डेंगू होने की पुष्टि कल ही हुई है। पटेल ने पोस्ट में यह भी कहा, ''अजित पवार अपनी सार्वजनिक सेवा जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। एक बार जब वह स्वस्थ हो जाएंगे तो वह अपने सार्वजनिक कर्तव्यों को जारी रखने के लिए पूरी शक्ति के साथ लौटेंगे।''

# मराठा आरक्षण मुद्दे को सुलझाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को समय दिया जाना चाहिए: बावनकुले

**ठाणे :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि मराठा आरक्षण के मुद्दे को हल करने के लिए राज्य सरकार को समय दिया जाना चाहिए और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। पालघर जिले की जवहर तालुका में शनिवार को दौरे के दौरान संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि आरक्षण के मुद्दे को हल करने के लिए सभी राजनीतिक दलों को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि राज्य सरकार समुदाय को आरक्षण की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे में सरकार को समय दिया जाना चाहिए। जालना जिले में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं और सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। बावनकुले ने



कहा कि भाजपा समेत हर पार्टी मराठा समुदाय की मांगों का समर्थन कर रही है। उन्होंने मराठा समुदाय के सदस्यों से हिंसा का सहारा न लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को आंदोलन करने का अधिकार है, लेकिन शांतिपूर्ण तरीके से। बावनकुले को शनिवार को मराठा कार्यकर्ताओं के गुस्से का सामना करना पड़ा। कार्यकर्ताओं ने ठाणे जिले के कल्याण में एक बैठक को बाधित किया और काले झंडे दिखाए। उन्होंने कहा कि भाजपा को गर्व है कि आदिवासी समुदाय से आने वाली द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति हैं और वह उनसे महाराष्ट्र के आदिवासी इलाकों का दौरा करने का आग्रह करेंगे।

# कंपनी में रहते हुए फर्जी बिल बाउचर बनाकर धोखाधड़ी... एमेजॉन कंपनी में कार्यरत थी महिला कर्मी




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एमेजॉन कंपनी की पूर्व कर्मचारी के खिलाफ फर्जी बिल बनाकर कंपनी से पैसे वापस लेने के मामले में एफआईआर दर्ज किया है। शिकायत के मुताबिक महिला कर्मी ने अपने कार्यकाल के दौरान कई फर्जी बिल लगाकर कंपनी से पैसे ले लिए। लेकिन जब रिअम्बेसमेन्ट टीम ने मकहिला द्वारा उपलब्ध कराए गए बिल जांचे तब पता चला कि कई सारे बिल फर्जी हैं और कई बिल तो लैपटॉप से ही बनाकर दिए गए थे। हालांकि बीकेसी पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक एमेजॉन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की लीगल टीम ने बीकेसी में शिकायत दी है कि उनके यहां 2017 से 2022 तक सुजीथा मिलिंद तांबतुरे (32) नामक महिला एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट प्रोसेस, एमेजॉन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करती थी। जिसने ककी सारे बिल पेश कर कंपनी से पैसे लिए हैं। लेकिन रिअम्बेसमेन्ट टीम ने जब उन बिलों की जांच की तब उसे फर्जी पाया। जिसके बाद लीगल टीम को मेल कर मामले की शिकायत के लिए कहा गया। जिसके बाद लीगल टीम ने जनवरी 2023 में लीगल नोटिस भेजी जिसका कोई रिप्लाई न आने पर जून महीने में लिखित शिकायत की। जिसके बाद अब अक्टूबर महीने में पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। जिसकी अधिक जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि महिला ने कंपनी में जो बिल पेश किए हैं, उन्हें जांच में फर्जी पाया गया है। इसी वजह से जांच टीम ने बिल को उस कंपनी के असली बिल से तुलना की जिसमें दोनों बिल अलग अलग दिखाई दिए। इसके अलावा के कंपनियों का लोगो भी महिला को दिए गए लैपटॉप में मिला है। जिसकी एक कॉपी पुलिस से शेअर की गई है।




# फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध में मुंबई के मुसलमान फिलिस्तीन के साथ

मुंबई : फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनो तरफ हो रही मौतें और तबाही से मुंबई के मुसलमानों में भय मिश्रित आक्रोश बढ़ता जा रहा है। फिलिस्तीन के समर्थन और इजरायल के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरने लगे हैं। वहीं मुस्लिम संगठनों ने केंद्र सरकार से दखल देकर युद्ध रुकवाने की अपील भी की है। इसके बावजूद युद्ध में नरसंहार तेज होता जा रहा है। फिलिस्तीन और इजरायल की लड़ाई नई नहीं है।



1948 के पहले फिलिस्तीन के पूरे इलाकों में मुसलमानों का नियंत्रण था। 1948 में इजरायल देश बना, 1948 के पहले 1517 में इस क्षेत्र में 98 प्रतिशत मुसलमान और 1.7 प्रतिशत यहूदी रहते थे। यहूदी धर्म के लोगों ने फिलिस्तीन में एक तरह से शरण ली थी। जिसे फिलिस्तीन के मुसलमानों ने रोका नहीं बल्कि उनका सहयोग किया। दोनो में किसी भी बात को लेकर कोई नफरत की भावना नहीं थी। दोनो में भाईचारा था, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के बाद दोनों में धीरे धीरे नफरत की भावना फैलने लगी। 1917 में फिलिस्तीन में यहूदियों की आबादी सिर्फ 8.8 फीसदी थी। 1947 में 32 प्रतिशत यहूदी यहां आकर रहने लगे। फिलिस्तीन में यहूदियों की संख्या में तेजी से वृद्धि का कारण पश्चिमी देशों में उन पर अत्याचार हो रहे थे और वो अपनी जान बचाने के लिए फिलिस्तीन में आ कर बसने लगे और उनकी आबादी बढ़ गई। 1917 में जो इलाका फिलिस्तीन के पास था वो इजराइल के कब्जे में हो गया और अब यहां 74 प्रतिशत यहूदियों की आबादी है, एक दूसरे के इलाकों पर कब्जे को लेकर छिड़ा युद्ध मानव जाति के लिए विनाशक साबित होता जा रहा है और विश्व के देशों द्वारा दो गुटों में एक दूसरे को समर्थन और सहायता देने से तृतीय विश्व युद्ध होने का खतरा मंडराने लगा है। मुंबई के मुसलमानों को फिलिस्तीन से दिली मोहब्बत और यकीदा है। क्योंकि फिलिस्तीन मुसलमानों के बुजुर्गों और ओलिया की जन्म स्थली है, यही वजह है कि इजराइल द्वारा फिलिस्तीन के इलाकों पर बमबारी करने और मिसाइल दागने से मुसलमानों में भयमिश्रित आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मुंबई के मुसलमानों ने कुछ जगहों पर इजरायल के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। लेकिन पुलिस ने प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी बावजूद इसके प्रदर्शन करने पर लोगों पर मामले दर्ज किए गए।

# नवी मुंबई में कलयुगी बेटे ने मामूली कहासुनी पर की मां की गला घोंटकर निर्मम हत्या




**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक युवक ने मामूली कहासुनी के बाद अपनी 46 वर्षीय मां की शनिवार देर रात कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। तुर्भे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना कोपरी गांव के एक अपार्टमेंट में हुई और हत्या के आरोप में रूपचंद रहमान शेख (21) नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी के मुताबिक, सलमा उर्फ जहांआरा खातून अपार्टमेंट अपने बेटे के साथ रहती थी और शेख की बेरोजगारी को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी।

उन्होंने बताया कि ऐसी ही एक कहासुनी के बाद आरोपी ने गुस्से में आकर देर रात करीब डेढ़ बजे अपनी मां की गला घोंटकर हत्या कर दी। अधिकारी के अनुसार, पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृत महिला की बेटी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया है।

## केरल में ईसाइयों की एक सभा में तीन सीरियल हुए धमाके... यहूदी धर्मस्थलों की बढ़ाई गई सुरक्षा



**केरल :** केरल में ईसाइयों की एक सभा में तीन सीरियल धमाके हुए हैं, जिसमें एक शख्स की मौत की खबर सामने आई है. वहीं केरल में धमाके के बाद मुंबई अलर्ट पर है और यहां यहूदी धर्मस्थलों पर हाई लेवल सिक्योरिटी लगा दी गई है. दरअसल, मुंबई और पुणे में यहूदी धर्म के लोगों के धर्मस्थल हैं हालांकि मुंबई में हाई लेवल सिक्योरिटी पहले से ही थी, लेकिन केरल धमाके के बाद पुलिस यहां नजर रख रही है.

केरल में हादसे की खबर उस दौरान सामने आई जब कोच्चि के एक कंवेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा चल रही थी, उस वक्त प्रार्थना के लिए 2000 से ज्यादा लोग जुटे हुए थे. इस धमाके के बाद सभा में चीख-पुकार मच गई. धमाके के बाद सामने आई तस्वीरों में टूटे कांच और फर्नीचर को देखा जा सकता है. जैसे ही हादसे की खबर मिली केरल एटीएस समेत शीर्ष पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. पूरे इलाके को घेर लिया गया है और सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को यहां आने से रोका जा रहा है. एक के बाद एक धमाके से यहां लोगों में डर का माहौल है.

## हिस्ट्रीशीटर की पत्नी बेच रही थी हथियार, पुलिस ने रिवाल्वर और कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

### एक देशी रिवाल्वर, देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस



**मुंबई :** शिवाजी नगर पुलिस एक्शन मोड पर है। पुलिस ने एक 24 वर्षीय कथित महिला हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से दो हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किया है। सहायक पुलिस निरीक्षक विलास नवले ने बताया कि, इस संबंध में गिरफ्तार महिला आरोपी हिना रेहान खान का पति और एक अन्य तस्कर फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस गोवंडी से लेकर भिवंडी तक दबिश दे रही है। महिला के पास से जब्त मोबाइल फोन में अनगिनत हथियारों की फोटो है। जिससे लगता है कि यह बड़ी वेपन डीलर है। शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्जुन रजाने ने बताया कि हमें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली कि शिवाजी नगर स्थित संत निरंकारी नगर स्लम इलाके में हथियार की तस्करी की जा रही है। पुलिस इंस्पेक्टर हरिलाल जाधव और सहायक पुलिस निरीक्षक भरत जाधव ने टीम के साथ बताए गए ठिकाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। वहां से पुलिस को एक देशी स्टील बॉडी रिवाल्वर व एक देशी स्टील बॉडी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

उसके बाद पुलिस ने हिना रेहान खान को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्जुन रजाने ने बताया कि हिना का पति रेहान यूसुफ खान एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। इस पर भिवंडी के एक पुलिस स्टेशन में हत्या, लूट आदि का मामला दर्ज है। यह दंपति दो महीने पहले भिवंडी से शिवाजी नगर इलाके में रहने आए थे और किराए के घर पर रह रहे थे। इनका एक साथी सलीम अंसारी जो शिवाजी नगर इलाके में रहता है अभी फरार है।

# पालघर पुलिस ने महिला की हत्या के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार... 1 आरोपी फरार

**पालघर :** पालघर जिले की सफाले पुलिस ने राजेश बिजेर सोनार (21), करण मान सिंह (30) नामक हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कर लिया है। चार महीनों पहले पदमा बहादुरसिंह बिक(57) नामक हुई एक महिला के हत्याकांड को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस हत्याकांड का एक आरोपी अभी भी फरार है। मृतक महिला मूलरूप से नेपाल की रहने वाली थी। पालघर के एसपी बालासाहेब पाटिल ने बताया कि, जून महीने में सफाले के माकणे में ऑस्टर बिल्डिंग 9 स्टार लैंडमार्क के पास मांडे गांव के मुजबादेवी मंदिर के सामने कुछ दूरी पर खेती में लावारिस अवस्था में इस महिला का शव मिला था। जिसके बाद से पुलिस की एक टीम इन आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। यह सब



आरोपी संदिग्ध के घेरे में थे, लेकिन इनके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नही होने के कारण पुलिस इन्हें गिरफ्तार नही कर पाई थी।

लेकिन मिले तांत्रिक सबूतों के आधार पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो इस हत्याकांड से पर्दा उठ गया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि, महिला के गहने चोरी करने के इरादे से इन्हों ने महिला की दुपट्टे से गला रेतकर हत्या की थी। हत्या के बाद उसके गहने लेकर यह फरार हो गए थे। इस पूरे मामले की जांच उपविभागीय पोलिस अधिकारी नीता पाडवी कर रहीं हैं। साथ ही एसपी ने कहा कि पालघर एसपी कार्यालय के कार्यक्षेत्र में एक साल में यानि 2023 में 20 हत्या, 307- हत्या के प्रयास के 14 मामले, रॉबरी- 20 मामले, घरफोड़ी 61 और चोरी के 185 मामले दर्ज हुए है। इन मामलों में से कुछ मामलों को छोड़कर हत्या, छिनौती और डकैती समेत करीब करीब सभी मामलों में आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# असम में पकड़े गए पांच करोड़ के नशीले पदार्थ...

**मुंबई :** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में पुलिस ने पांच करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की है। बताया गया है कि यह नशीला पदार्थ मणिपुर से लाया जा रहा था और पुलिस ने लाहौरीजान आउटपोस्ट पर गाड़ी को रोक लिया। वाहन की जांच के बाद बड़ी मात्रा में ड्रग्स जब्त किए गए। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इस जब्ती पर पुलिस को बधाई देते हुए हा कि उन्हें साबुन के 50 डिब्बों में 637.28 ग्राम हेरोइन मिला। एनसीबी के मुताबिक, इसकी कीमत 5.1 करोड़ रुपये बताई गई है।



मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com